नया इंडिया

खेल

सार समाचार

दिल्ली कैपिटल्स ने शारदुल को अमन खान के लिए ट्रेड किया

नई दिल्ली,भाषा। भारत के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रतिनिधित्व करेंगे क्योंकि उनकी पूर्व फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें हरफनमौला अमन खान के लिए ट्रेड किया है। अमन खान घरेलू क्रिकेट में मुंबई का प्रतिनिधित्व करते है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने आईपीएल के पिछले सत्र में कोलकाता की टीम के लिए पदार्पण किया था। शारदुल को दिल्ली की टीम 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने 2022 सत्र में 14 मैचों में 15 विकेट लिए थे, जिसमें करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देकर चार विकेट शामिल था। उन्होंने हालांकि इस दौरान 10 रन प्रति ओवर के औसत से रन लुटाये थे। बल्ले से उन्होंने 10.81 की औसत और 137.93 की स्ट्राइक रेट से 120 रन बनाए थे। आईपीएल आयोजकों ने एक बयान में कहा, आगामी टाटा आईपीएल 2023 के लिए शारदुल ठाकुर को दिल्ली कैपिटल्स से कोलकाता नाइट राइडर्स में ट्रेड किया है। उभरते हुए ऑलराउंडर अमन खान को कोलकाता नाइट राइडर्स से दिल्ली कैपिटल्स में ट्रेड किया है। अमन खान को केकेआर ने 20 लाख रुपये में खरीदा था।

चीन से थाईलैंड स्थानांतरित हुआ बीडब्ल्यूएफ फाइनल

कुआलालंपुर,वार्ता। चीन में कोरोना महामारी की मौजूदा स्थिति के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2022 को ग्वांगझू से बैंकॉक स्थानांतरित कर दिया गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने मंगलवार को यह घोषणा की। बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि टूर्नामेंट को थाईलैंड के बैंकॉक में निमिबुत्र एरिना में स्थानांतरित कर दिया गया है। स्टेडियम की उपलब्धता और स्थान में बदलाव के कारण फाइनल का आयोजन ग्वांगझू के लिए निर्धारित तारीखों से एक सप्ताह पहले, सात से 11 दिसंबर तक होगा। बीडब्ल्यूएफ ने यहां जारी एक बयान में कहा, बीडब्ल्यूएफ ने चीनी बैडमिंटन संघ (सीबीए) के परामर्श से बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2022 को स्थानांतरित करने पर सहमति जताई, क्योंकि मौजूदा महामारी की स्थिति के कारण विभिन्न चुनौतियां सामने आई हैं। बयान में कहा गया, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2022 के लिए इतनी देर से सूचना देने पर भी जगह उपलब्ध कराने के लिए बीडब्ल्यूएफ, थाईलैंड बैडमिंटन संघ को धन्यवाद देना चाहता है। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग में प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष आठ खिलाड़ियों और जोड़ियों को प्रतिस्पर्धा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। एक सदस्य संघ से अधिकतम दो खिलाड़ी या दो जोड़ियां टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिये योग्य होंगी। वर्ल्ड टूर फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले एथलीटों की सूची की पुष्टि 22 नवंबर को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के समापन के बाद की जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये पुरुष हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली ■ वार्ता/डेस्क

हॉकी इंडिया ने 26 नवंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए 23 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा मंगलवार को की। भारत 13 जनवरी से शुरू होने वाले हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच खेलेगा। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह इस दौरे पर भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि अमित रोहिदास को उप-कप्तान चुना गया है।

फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह के साथ दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और सुखजीत सिंह को शामिल किया गया है। गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और सुमित मिडफ़ील्ड संभालेंगे। न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/23 मैचों से चूकने के बाद डिफेंडर वरुण कुमार ने टीम में वापसी करते हैं। वरुण के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मंदीप मोर और नीलम संजीव ज़ेस भी रक्षा लाइन-अप मंव होंगे।

मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा हमारे लिए एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 में शीर्ष दावेदारों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा अवसर है। हमने अनुभवी खिलाड़ियों की एक ठोस टीम चुनी है। हमें विश्वास है कि यह वांछित परिणाम प्राप्त करने में हमारी मदद कर सकते हैं।

हमने टीम में युवाओं को भी शामिल किया है ताकि उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिता का अनुभव दिया जा सके और हमारी टीम की गहराई को आंका किया जा सके।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय टीमः कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश रवींद्रन, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास (उपकप्तान), जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप एक्स, वरुण कुमार, सुमित, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

मैग्नस कार्लसन ने वेस्ली सो को हराया

सैन फ्रांसिस्को ■

आईएएनएस/डेस्क

विश्व चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने मेल्टवाटर चैंपियंस चैस टूर के अंतिम चरण में अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए अमेरिका के वेस्ली सो को मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को हरा दिया। वर्ष का अपना पहला टूर इवेंट खेलते हुए सो का कड़ा संघर्ष करना पड़ा जबकि कार्लसन मुकावले में कई गलतियां करने के बावजूद विजेता बने।

बर्लिन ओपनिंग में खेली गयी पहली बाजी ड्रा रही जबकि दूसरी बाजी काफी उतार चढ़ाव के बाद 113 चालों में ड्रा रही।

कार्लसन ने तीसरी बाजी जीतकर मुकाबले में 2-1 की बढ़त बना ली। मुकाबले को बराबरी पर ले जाने के लिए सो को आखिरी रैपिड गेम जीतने की जरूरत थी। कार्लसन की आखिरी बाजी में गलती से सो ने बराबरी कर ली। कार्लसन अपनी गलती से काफी नाराज नजर आये। विश्व चैंपियन को मैच जीतने के लिए एक ड्रा की जरूरत थी।

पोलार्ड ने खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल को अलविदा कहा

मुंबई इंडियन्स की फ्रेंचाइजी ने कीरोन पोलार्ड को टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया।

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

टी20 क्रिकेट में सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक कीरोन पोलार्ड ने मंगलवार को लीग की शीर्ष टीम मुंबई इंडियन्स के साथ 13 सत्र बिताने के बाद खिलाड़ी के तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग के करियर को अलविदा कह दिया। वेस्टइंडीज के 35 साल के पोलार्ड आईपीएल में अभी कुछ और साल खेलना चाहते थे लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम के साथ चर्चा के बाद उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया। पोलार्ड के नाम आईपीएल में 189 मैचों में 3412 रन है।

उन्होंने 2010 में इस टीम के लिए पदार्पण किया था। वह हालांकि फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े रहेंगे और टीम के नये बल्लेबाजी कोच होंगे। फ्रेंचाइजी से जारी बयान में पोलार्ड ने कहा, मेरे लिये यह फैसला करना आसान नहीं था क्योंकि

में कुछ और साल खेलना चाहता था, लेकिन मुंबई इंडियंस के साथ चर्चा के बाद मैंने आईपीएल करियर को खत्म करने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, इस अविश्वसनीय फ्रेंचाइजी ने इतना कुछ हासिल किया है और मैं समझता हूं कि अब उस में कुछ बदलाव की जरूरत है। अगर मैं अब मुंबई की टीम के लिए नहीं खेलता हूं तो खुद को इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नहीं देख सकता हूं। एक बार आप मुंबई इंडियन्स का हिस्सा बन जाते है तो हमेशा इसी के साथ रहते है। पोलार्ड हालांकि यूएई में होने वाले 'इंटरनेशनल लीग टी20' में मुंबई की स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा, यह मुंबई इंडियन्स के लिए भावनात्मक अलविदा नहीं है। हालांकि मैं आईपीएल में बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभाने के साथ-साथ मुंबई इंडियन्स अमीरात के साथ खेलने के लिए तैयार हूं।

आईपीएल 2023 में नहीं खेलेंगे कमिंस

मेलबर्न,वार्ता। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ पैट कमिंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन से बाहर रहने का फैसला किया है। कमिंस ने मंगलवार को ट्विटर पर इसकी घोषणा करते हुए बताया कि उन्होंने अगले साल एशेज टेस्ट शृंखला और एकदिवसीय विश्व कप से पहले आराम करने के लिये यह "कठिन फैसला" लिया है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले कमिंस ने ट्वीट किया, मैंने अगले साल के आईपीएल में नहीं खेलने का कठिन फैसला लिया है। अगले 12 महीने का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम टेस्ट और वनडे से भरा हुआ है।

मैं हमेशा नए अवसरों की तलाश में रहती हूं: अश्विनी पोनप्पा

नई दिल्ली ■

आईएएनएस/डेस्क

शीर्ष युगल बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने कहा है कि वह हमेशा नए और अनूठे अवसरों, चुनौतियों और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तत्पर रहती हैं। 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः महिला युगल और मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के बाद अश्विनी पोनप्पा भारतीयों के

लिए एक घरेलू नाम बन गयीं और मिश्रित टीम स्पर्धा में 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उन्होंने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स बमिरंघम में मिश्रित टीम वर्ग में रजत पदक जीतने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अश्विनी पोनप्पा की अन्य जीत में 2011 और 2018 में गोल्ड कोस्ट में बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में महिला युगल में कांस्य पदक और दक्षिण एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक शामिल है।

अश्विनी ने कहा, एक पेशेवर बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में, आप हमेशा नए और अनूठे अवसरों, चुनौतियों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं।

इतने वर्षों तक अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने के लिए मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं।

टेनिस

जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए दिया जाएगा वीजा: रिपोर्ट

सिडनी ■ आईएएनएस/डेस्क

आस्ट्रेलियाई सरकार ने कथित तौर पर टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को 2023 आस्ट्रेलियन ओपन में खेलने की अनुमति देकर अपने पिछले फैसले को पलट दिया। जनवरी 2022 में तत्कालीन आस्ट्रेलियाई सरकार ने जोकोविच की अनिश्चित कोविड-19 वैक्सीन स्थिति के कारण उनका वीजा रद्द कर दिया था। हालांकि जोकोविच को संघीय सर्किट कोर्ट से राहत मिली थी, तत्कालीन आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉक ने उनका वीजा रद्द करने का फैसला किया था। अब, गार्जियन आस्ट्रेलिया ने समझा है कि आव्रजन

मंत्री एंड्रयू जाइल्स जोकोविच को वीजा देंगे, तीन साल के प्रतिबंध को हटाएंगे। पिछली सरकार ने 2022 में टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर उनके वीजा को रद्द करने के निर्णय लिया था। जोकोविच ने सोमवार को ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स में अपना पहला मैच जीतने के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने आस्ट्रेलियाई सरकार से 'अभी तक कुछ भी आधिकारिक फैसला नहीं' सुना है। उन्होंने कहा,हम इंतजार कर रहे हैं। वे आस्ट्रेलिया सरकार के साथ संवाद कर रहे हैं। अभी के लिए मैं आपको बस इतना ही बता सकता हूं। इससे पहले मंगलवार को आस्ट्रेलियन ओपन के निदेशक क्रेग टिली ने उम्मीद जताई थी कि सर्बियाई टेनिस स्टार को प्रतिस्पर्धा के लिए आस्ट्रेलिया आने की अनुमति दी जाएगी। टिली ने कहा,वहां एक सामान्य वीजा आवेदन प्रक्रिया है कि हर कोई अभी इससे गुजर रहा है, और हर कोई सही समय से गुजरेगा। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी के लिए कोई तरजीही व्यवहार होना चाहिए। लेकिन मैं पूरी तरह से सभी के लिए एक जवाब की उम्मीद करता हूं, जब तक कि उन्हें अपनी उड़ानें बुक करने और नोवाक सहित देश में आने की अनुमति नहीं मिल जाती है।

गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी ने रिकॉर्ड 24वीं बार जीती माका ट्रॉफी

चंडीगढ़,वार्ता। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने वर्ष 2022 के लिए घोषित किए गए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (माका) ट्रॉफी के लिए चुना है। देश की यूनिवर्सिटियों में खेल में बेहतर रहने वाली यूनिवर्सिटी को दी जाने वाली माका ट्रॉफी गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने रिकॉर्ड 24वीं बार जीती है। खेल पुरस्कारों में राष्ट्रमंडल खेल में पदक जीतने वाले वेटलिफ्टर पंजाब के विकास ठाकुर को अर्जुन अवॉर्ड, तीरअन्दाज़ी प्रशिक्षक जीवनजोत सिंह तेजा को द्रोणाचार्य अवॉर्ड और हॉकी ओलम्पियन धर्मवीर सिंह को ध्यान चंद लाईफ़ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड के लिए चुना गया है। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने वाइस चांसलर डॉ. जसपाल सिंह संधू के नेतृत्व में समूचे गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लिए गर्व वाली बात है कि पंजाब की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ने रिकॉर्ड 24वीं बार माका ट्रॉफी जीती है। खेल मंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले पंजाब के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को भी मुबारकबाद दी है।

कार्यालय महात्मा ज्योतिबा फूले कृषि उपज मण्डी समिति, विशिष्ट श्रेणी, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : 1571 दिनांक :- 15/11/2022

संशोधित विज्ञप्ति

इस कार्यालय की विज्ञप्ति क्रमांक 1554 दिनांक 09.11.2022 में ऑनलाईन आवेदन जमा कराने की अन्तिम तिथि 21.11.2022 के स्थान पर 21.12.2022 पढ़ा जावें। शेष प्रक्रिया यथावत् रहेगी।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
विशिष्ट श्रेणी, भीलवाड़ा (राज.)

टायटन बायोटेक लिमिटेड
CIN : L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर: 011- 71239900, ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com
www.titanbiotechltd.com

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष
		30.09.2022	30.06.2022	30.09.2021	30.09.2022	30.09.2021	31.03.2022
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,269.02	3,531.26	4,226.38	7,800.28	8,384.70	15,383.22
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	1,052.98	760.24	974.48	1,813.22	2,333.64	3,819.83
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	1,052.98	760.24	974.48	1,813.22	2,333.64	3,819.83
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	912.69	750.45	760.87	1,367.94	1,746.45	2,874.34
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	912.69	750.45	760.87	1,663.14	1,746.45	2,872.26
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी						
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसकि	11.04	9.08	7.74	20.13	18.29	30.66
	(बी) डायल्यूटिड	11.04	9.08	7.74	20.13	18.29	30.66

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष
		30.09.2022	30.06.2022	30.09.2021	30.09.2022	30.09.2021	31.03.2022
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,269.02	3,531.26	3,087.81	7,800.28	6,386.52	12,449.02
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	1,052.98	760.24	627.45	1,813.22	1,663.75	2,896.90
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	1,052.98	760.24	627.45	1,813.22	1,663.75	2,896.90
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	790.21	577.73	501.40	1,367.94	1,245.38	2,168.43
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	790.21	577.73	501.40	1,367.94	1,245.38	2,166.35
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	-	-	7,798.04
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसकि	9.56	6.99	6.07	16.55	15.07	26.24
	(बी) डायल्यूटिड	9.56	6.99	6.07	16.55	15.07	26.24

नोट्सः-

1 उपरोक्त 30.09.2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत पविस्तृत स्वरूप का एक सार है और सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त उक्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।

2 30.09.2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए उक्त घोषित अनअंकेक्षित स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 14, नवम्बर, 2022 को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।

3 कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तद्अनुसार, कंपनी ने 30.09.2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।

4 **30.09.2022 को समाप्त तिमाही के लिए कुल बिक्री में 11.29 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री शामिल है जिसकी मांग कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई है**

5 स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (`Ind AS`) ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं ।

6 चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से संचालन से राजस्व में माल ढुलाई राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में इसके राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने के लिए अन्य खर्चों में भी भाड़ा जोड़ा गया।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 14.11.2022